खास-खबरें

गेहूं से भरे ट्रक में लगी आग, ट्रक जलकर हुआ खाक

शाजापुर। अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से गेहूं से भरा ट्रक जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात को कालपी से गेहूं लेकर पुणे जा रहे ट्रक में पनवाड़ी के समीप अचानक से आग लग गई, जिसकी सूचना सुनेरा पुलिस एफआरबी को दी गई। सूचना मिलते ही एफआरबी के आरक्षक ओमवीरसिंह और पायलेट डालचंद मौके पर पहुंचे तथा दमकल को सूचना देकर आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझने तक ट्रक और उसमें रखा गेहूं जलकर खाक हो चुका था। उल्लेखनीय है कि पनवाड़ी हाईवे के समीप दो दिनों में दो ट्रक जलने की घटना हो चुकी हैं। एक दिन पूर्व बियर से भरा ट्रक पनवाड़ी हाईवे पर अज्ञात कारणों के चलते जलकर खाक हो गया था। वहीं अब गेहूं से भरा ट्रक जलकर नष्ट हो गया है।

स्कूल भवन के निर्माण में लगें मजदूरों को नहीं मिल रही मजदूरी

गंजबासौदा। शासकीय स्कूल में निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को लंबे समय से भुगतान नहीं मिल रहा जिससे वहां कार्य करने वाले मजदूरों को जीवन यापन में काफी दिक्कत आ रही है उन श्रमिकों ने एसडीएम को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने चार संस्थानों का निरीक्षण कर लिए सेम्पल

मंदसौर। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निदेशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बीएस जामोद द्वारा बताया गया कि गर्मी के मौसम में ध्यान रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। कार्यवाही के दौरान मंदसौर के जीवागंज स्थित मौसम बहार आईस कैण्डी से आईस कैण्डी, नैनवानी सुपर बाजार अभिनंदन आईसक्रीम, राष्ट्रीय एजेन्सी अभिनंदन लस्सी, छाछ, और जैन श्री मटका कुल्फी घंटाघर से रबडी कुल्फी के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र. भोपाल भेजे गये है।

शहनाइयों की गूंज के साथ बाजार हुए गुलजार बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

शाजापुर।

शादी में शहनाईयों की गूंज सुनाई देने लगी है और बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढने से रौनक का माहौल बन गया है। दूल्हा और दुल्हन के परिजन विवाह की तैयारियों में पूरी तरह से जुट गए हैं, जिसकी वजह से सराफा बाजार, कपड़ा बाजार में खासी रौनक दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि वैवाहिक तैयारियों के चलते लोग बाजार की ओर रूख करने लगे हैं जिसके कारण भीषण गर्मी के बावजूद कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक सामान और सोना-चांदी के आभूषणों की खरीददारी करने के लिए ग्राहकी की भीड़ दुकानों पर उमडने् लगी है। कोई अपनी बिटिया को यादगार विदाई देने के लिए आकर्षक आभूषण और परिधानों की खरीदी कर रहा है तो अपने लाड़ले को दूल्हा बनाने के लिए बेताब परिजन भी सेहरे के साथ अन्य जरूरी सामानों की दिल खोलकर खरीददारी कर रहे हैं। इसके साथ ही शादी-विवाह को चार चांद लगाने वाले मैरिज गार्डन, बैंडबाजे और घोड़ों की बुकिंग भी कर ली गई है। पारिवारिक उत्सवी माहौल से बाराती और घराती के साथ ही दुकानदार भी खासे व्यस्त नजर आ रहे हैं। शादी के सीजन को लेकर दुकानदारों ने भी विभिन्न वैरायटियों के सामान से अपनी दुकानें सजाई हुई हैं।

सराफा में सबसे ज्यादा भीड़: शादी का सीजन होने से यूं तो कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रानिक बाजार में भीड़ लगी हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा ग्राहकी सराफा बाजार में देखने को मिल रही है, क्योंकि दूल्हा और दुल्हन दोनों के ही परिजन अपने-अपने स्तर से सहुलियत के मुताबिक आभूषणों की खरीदी हेतु सराफा बाजार पहुंच रहे हैं। ग्राहकी अधिक होने की वजह से सराफा बाजार में एक दिन में ही करोड़ों रुपये के व्यापार का अनुमान है। वहीं सीजन होने की वजह से सोने के दाम भी 73 हजार रुपए तौला के इर्द-गिर्द मंडरा रहे हैं। सराफा व्यापारियों की मानें तो सोने-चांदी के दामों में फिलहाल जून माह तक तेजी बनी रहने की संभावना है। हालांकि जुलाई माह में दामों में गिरावट हो सकती है।

मिलावट से मुक्ति अभियानः डेयरी से लिए गए खाद्य पदार्थों के सेंपल

विदिशा(निप्र)।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यानगत रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जॉच करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जॉच-पड़ताल सतत जारी है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा विदिशा नगरीय क्षेत्र के बरईपुरा चौराहा स्थित गोकुल डेयरी से खाद्य पदार्थों के सेंपल लेकर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलीन ई पन्ना ने बताया कि गोकुल डेयरी से श्रीधि ब्रांड के टोंड मिल्क, डबल टोंड मिल्क, दही, छाछ के सेंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित सेंपलों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिला जेल का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

रायसेन। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री अनिल कुमार सोहाने प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन के मार्गदर्शन में प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती ऊषा गेडाम, विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) रायसेन द्वारा गत दिवस पठारी स्थित जिला जेल रायसेन का औचक निरीक्षण किया गया।

विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान बैरक में निरुद्ध सभी बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त है या नहीं, चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है या नहीं, परिवारजनों से मिलने दिया जा रहा है या नहीं, न्यायालय में पेशियां हो रही है या नहीं, बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, साफ सफाई, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

साथ ही महिला बैरक का भी निरीक्षण कर निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित रसोई घर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष महोदया द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों को विशेषज्ञ सलाह हेतु शुरू की जा रही टेली-मेडिसिन की सुविधा के बारे में जानकारी ली। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव राव गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सौम्या साहू अस्थाना, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनीस उद्दीन अब्बासी, जेल अधीक्षक श्री एसपी चैरे उपस्थित रहे।

बरसात पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के एसडीएम ने दिए निर्देश

गंजबासौदा।

नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने और इन्हें मानसून आने से पहले निपटाने की मंशा लिए एसडीएम विजय राय और सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया।

इस मौके पर उनके साथ नपा सीएमओ जयंत वर्मा पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी समाजसेवी विजय अग्रवाल मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य मार्ग एवं वार्डों से निकले नालों की सफाई कार्य तेजी से कराई जा रही है। इसी तरह वेदनखेड़ी वार्ड क्रमांक 8 में नदी पाराशरी पुल का निर्माण भी चल रहा है। इसके अलावा मिल वाली माता मंदिर में सीसी करण के अलावा पाराशरी गहरीकरण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

इन्ही सभी कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए एसडीएम विजय राय, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित नगर विकास में रुचि रखने वाले नागरिकों एवं सीएमओ जयंत वर्मा,इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य में प्रगति को जांचा। एसडीएम विजय राय ने पाराशरी गहरीकरण वेदन खेड़ी पुल निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों को 15 जून से पहले अधिक से अधिक तेजी के साथ कराए जाने के निर्देश दिए।

क्लब पार्क में बनने वाले पत्रकार भवन के निर्माण की प्रक्रिया को भी मौके पर जाकर समझा। विगत दिनों पूर्व विधायक हरि सिंह रघुवंशी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव के अलावा पार्षदों पत्रकारों और नागरिकों की उपस्थिति में इसका भूमि पूजन किया गया था।

रोमांचक मैच में भोपाल ने पीपीसीए सीहोर को हराकर सीरिज 1-1 से की बराबर

सीहोर। शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के साथ ही निखारने के लिए पीपीसीए अकादमी ने शहर के बीएसआई मैदान पर तीन मैच की सीरिज कराई है। इस सीरिज के दूसरे मुकाबले में भोपाल की दिग्गज टीम सेंट माइकल रेड ने पीपीसीए अकादमी सीहोर को हराकर 1-1 से बराबर की है।

सीरिज का तीसरा मुकाबला मंगलवार की सुबह खेला जाएगा। सीरिज का पहला मुकाबला सीहोर की पीपीसीए अकादमी ने जीता था।

शहर के बीएसआई मैदान खेले सीरिज के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए ने 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 277 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें वीर गाबा ने 15 रन, आदिल ने 12 रन, वर्सरथ ने 16 रन, रोहन ने 27 रन और मानस सोनी ने 35 गेंद पर सात चौकों की मदद से 64 रन, राज कुशवाहा ने 103 गेंद पर 97 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं सेंट माइकल रेड भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजवीर वैद्य ने 10 ओवर में मात्र 29 रन देकर चार विकेट, रनवीर ने नौ ओवर में 56 रन देकर दो विकेट, अजहर, कार्तिक, कुमार कार्तिक, शिव कुमार यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट माइकल रेड भोपाल टीम की शुरूआत खराब रही। उनके सलामी बल्लेबाज के रूप में शिव कुमार यादव मात्र एक रन के निजी स्कोर पर पीपीसीए के शानदार गेंदबाज दीपेश सेन ने आउट किया।

जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वालों को 1 वर्ष का कारावास

विदिशा (निप्र)। न्यायालय श्रीमती षिवांगी श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिषा द्वारा मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधियों राजेन्द्र सिंह बघेल आयु 43 वर्ष एवं राजेष बघेल आयु 42 वर्ष निवासी ग्राम सुगनाखेड़ी जिला विदिषा अंतर्गत थाना गुलाबगंज को 1 वर्ष के कारावास एवं 6000-6000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन के अनुसार दिनांक 09.01.2018 शाम करीब 5 बजे फरियादी एवं उसका भाई खेत पर पानी दे रहे थे। तभी अपराधी राजेष बघेल और राजेन्द्र बघेल डण्डा लेकर आए और दोनों अष्लील गालियां देकर बोले कि हमारी बहन से लड़ते हो। फरियादी ने गाली देने से मना किया तो राजेष एवं राजेन्द्र बघेल फरियादी एवं उसके भाई के साथ डण्डे से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई और अपराधी जाते-जाते कह गए कि आज बच गए आइन्दा मिले तो जान से खत्म कर देंगे।

मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीहोर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जिले की चारों विधानसभा में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेडिंग के साथ ही सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में बिना पास के किसी को भी प्रवेश न दिया जाए। पासधारक व्यक्तियों को भी गेट पर गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जाए। प्रत्याशियों के एजेंट भी बिना पास के अंदर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष, मंच, लाइट, बैरिकेडिंग, लाउडस्पीकर, फर्नीचर, कुर्सी, टेंट, टेबल, पानी सहित सभी आवश्यक सामग्रियों एवं साधनों की उपलब्धता समय पूर्व कर ली जाए। बैठक में मास्टर ट्रेनर श्री डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ राजेश बकोरिया, उमेश कुमार भावसार तथा श्री लखन लाल कलेशरिया ने मतगणना की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम राधेश्याम बघेल, जमील खान, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

पीएम जनमन अभियान की प्रगति पर जिला सीईओ ने किया असंतोष व्यक्त

विदिशा (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पीएम जनमन अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की प्रगति में तेजी लाए जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि 30 अप्रैल 2024 की स्थिति में जिले में आधार कार्ड, जनधन बैंक अकाउंट, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं राशन कार्ड बनाए जाने की प्रगति अत्यंत धीमी है। अतः शासन के निर्देशानुसार इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए उक्त हितग्राही मूलक योजनाओ में शेष रहे परिवारों, सदस्यों को शत-प्रतिशत लाभ हेतु कार्यवाही की जाकर प्रति दिवस की प्रगति रिपोर्ट से आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक को अवगत कराया जाए। आगामी टीएल बैठक में साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा योजनावार की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर भरसट ने बताया कि विदिशा जिले में पीव्हीटीजी की कुल जनसंख्या 47530 है जिनमें से आधार कार्ड बनाए जाने हेतु 2528 आवेदन शेष लंबित हैं। इसी प्रकार 150 जनधन बैंक अकाउंट, 15425 आयुष्मान भारत, 9731 जाति प्रमाण पत्र, 74 किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी, 129 पीएम किसान सम्मान निधि तथा 473 आवेदन राशन कार्ड बनाया जाने हेतु लंबित हैं।

स्पेशल खबर नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब...

श्रीराम कथा मनुष्य को मर्यादाशील जीवन जीना सिखाती हैःउद्धावदास

सीहोर।

श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। मानव जीवन में कई भटकाव है, अगर जीवन में कथा का आनंद आ जाए तो मनुष्य का जीवन धन्य हो जाए साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है।

उक्त विचार शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रांश समाज के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दौरान महंत 108 उद्धाव दास महाराज ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के दौरान सभी को आदर दिया है। जब वानर सुग्रीव अपने बड़े भाई बालि के प्रकोप से डरकर अपने मित्र हनुमान की शरण में आते हैं और उनसे छिपने के लिए सहायता मांगते हैं। इसी दौरान सुग्रीव को वन की ओर से दो पुरुषों को आते हुए देखते हैं, उन्होंने सादे वस्त्र पहने थे किंतु शस्त्र धारण किए हुए थे। सुग्रीव के मन में भय प्रकट हुआ। उन्हें लगा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि ये भाई बालि के भेजे हुए गुप्त सैनिक हो सकते हैं जो उनकी हत्या के लिए भेजे गए हैं। सुग्रीव ने इस बात की जानकारी हनुमान जी को दी और कहा कि मित्र, आप स्वयं वन में जाकर पूछताछ करें कि ये दोनों पुरुष कौन हैं, कहां से आए हैं और इनका वन में आने का उद्देश्य क्या है। मित्र की परेशानी को समझते हुए हनुमान ब्राह्मण का रूप धारण कर श्रीराम और लक्ष्मण के सामने पहुंच गए और उनसे पूछताछ करने लगे। हनुमान जी ने पूछा कि आप दोनों कौन हैं, कहां से आए हैं और आपको क्या चाहिए, पूछने पर श्रीराम बोले ने उन्हें आने और सीता माता के अपहरण की पूरी घटना बताई। जैसे ही हनुमान जी को अहसास हुआ कि ये तो प्रभु राम हैं, वह फूले नहीं समाते है और इस बात की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक उठती है। सच्चाई जानने की देर ही थी कि हनुमान जी अपने असली रूप में वापस लौट आए और श्रीराम के चरण पकड़कर धरती पर गिर पड़े। यह पल ऐसा था मानो हनुमान जी को पूर्ण संसार मिल गया हो। उनके मुख से एक भी शब्द नहीं निकल रहा था, बस अपने प्रभु को पा लेने की जो खुशी उनके मुख पर दिखाई दे रही थी, उसका कोई मोल नहीं था। महंत श्री उद्धाव दास महाराज ने कहा कि हनुमान ने श्रीराम से क्षमा मांगी, कहा यह मेरी भूल है जो मैं आपको पहचान ना सका। ना जाने यह कैसे हो गया कि मेरे प्रभु मेरे समक्ष खड़े थे और मैं ज्ञात ही ना कर सका। तब श्रीराम ने हनुमान को अपने चरणों से उठाया, गले से लगाया और कहा, हनुमान तुम दुखी ना हो, शायद तुम्हें यह आशा ही नहीं थी कि मैं तुम्हे यहां वन में इस वेष में मिलूंगा। तुम दिल छोटा मत करो।

चरण पादुका सिंहासन पर रखकर अयोध्या राज चलातेः उन्होंने कहा कि भरत अपनी सेना व अयोध्यावासियों के साथ राम से मिलने चल देते हैं। पहली रात को तमसा नदी पर विश्राम करते हैं। श्रृंगवेर पर्वत पर पहुंचते हैं। वहां एक लकड़हारा भरत के आने की सूचना निषादराज को देता है। उधर, जब सुमंत की नजर निषाद राज पर पड़ती है तो कहते हैं कि भइया भरत देखो प्रभु राम के सखा निषादराज खड़े हैं। इस पर भरत रथ से कूद कर निषादराज को गले से लगा लेते हैं। निषादराज से प्रभु के ठहरे स्थान की जानकारी लेकर उनका स्मरण करते हैं। बड़े भाई राम से मिलकर उनसे अयोध्या वापस चलने की विनती करते हैं। राम के मना करने पर उनकी चरण पादुका लेकर वापस लौटे। चरण पादुका सिंहासन पर रखकर अयोध्या राज चलाते हैं।

जीवन में रंगत, संगत और मेहनत का असर पड़ताः महंत उद्धाव दास महाराज ने कहा कि मनुष्य पर संगत का असर पड़ता है। कैकेयी अपने बेटे भरत से ज्यादा अपने सौतेले बेटे राम को प्यार करती थीं। लेकिन अपने मायके से आई दासी मंथरा के कान भरने की वजह से उन्होंने राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। पहले वे ऐसी नहीं थीं। इसे संगत का असर ही कहेंगे, जिसने कैकयी के अंदर नकारात्मकता को हावी कर दिया। इसलिए कहा गया है कि जीवन में रंगत, संगत और मेहनत का असर पड़ता है।